



# स्वतंत्रता दिवस पर जिले में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी, हर्षोल्लास के साथ परम्परागत एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 16 अगस्त। देश की आजादी के 79वें स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व पर पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। सीधी जिला मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड पर पूरे उत्साह और गरिमामय ढंग के साथ सम्पन्न हुआ, जहां समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने ध्वजारोहण किया।**

इस दौरान राष्ट्रगान का गायन हुआ। तत्पश्चात् प्रभारी मंत्री ने परेड का निरीक्षण किया, इस दौरान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा भी उनके साथ रहे। मुख्य अतिथि द्वारा समृद्धि के प्रतीक रंगीन गुब्बारे नील गगन में





छोड़ने के पश्चात परेड द्वारा तीन बार हर्ष फायर किया गया। उपपुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार कड़वे के कमाण्ड में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। परेड के उप कमाण्डर प्लाटून कमांडर मयंक तिवारी होमगार्ड रहे। इसमें उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में 9वीं वाहिनी विसबल ए कम्पनी सीधी, उप निरीक्षक तरुण बेड़िया के नेतृत्व में जिला पुलिस बल सीधी, उपनिरीक्षक वर्षा यादव के नेतृत्व में जिला पुलिस बल महिला, सहायक उपनिरीक्षक जयगोपाल साकेत के नेतृत्व में होमगार्ड जिला बल सीधी, प्रभात प्रजापति के नेतृत्व में सीनियर एनसीसी संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी, अमितेन्द्र अग्निहोत्री के नेतृत्व में एनसीसी उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी, उधव प्रताप सिंह के नेतृत्व में जूनियर एनसीसी गणेश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पड़रा सीधी, वेद सिंह चौहान के नेतृत्व में सरस्वती उमावि मड़रिया सीधी, सुश्री दिया अवधिया के नेतृत्व में सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी, सुश्री पूजा कोरी के नेतृत्व में पीएमश्री शासकीय आदर्श कन्या हाईस्कूल सीधी, शुभम सिंह चौहान के नेतृत्व में एकलव्य पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल हड़बड़ो, अभिमन्यु प्रजापति के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 सीधी, प्रियांशु कोरी के नेतृत्व में महारानी लक्ष्मीबाई हाईस्कूल सीधी, अर्जुन सिंह चौहान के नेतृत्व में गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल मड़रिया सीधी, कु.मधु कोल के नेतृत्व में महिला बाल विकास शौर्य दल तथा जिला पुलिस बल सीधी के बैण्ड दल द्वारा आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डर एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय प्राप्त किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, वीर शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस वर्ष नवाचार करते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के उद्बोधन का सजीव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर दिखाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने बड़े उत्साह के साथ सुना। इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री द्वारा जिले की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए मुख्यमंत्री के बधाई संदेश का वाचन कर लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुरूकुल विद्यालय मड़रिया सीधी, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक 1 सीधी, सांदीपनि विद्यालय सीधी एवं एकलव्य पब्लिक स्कूल सीधी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी गई। अंत में गांधी विद्यालय द्वारा बैण्ड दल का प्रदर्शन किया गया।

सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह की श्रृंखला में सर्वोत्तम परेड सीनियर का पुरस्कार महिला जिला पुलिस बल सीधी को दिया गया। सर्वोत्तम परेड सीनियर का द्वितीय पुरस्कार सीनियर एनसीसी संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी एवं तृतीय पुरस्कार होमगार्ड जिला बल सीधी को दिया गया। सर्वोत्तम परेड जूनियर का पुरस्कार जूनियर एनसीसी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी को दिया गया। परेड जूनियर का द्वितीय पुरस्कार जूनियर एनसीसी श्री गणेश सी.से. स्कूल पड़रा सीधी एवं तृतीय पुरस्कार सरस्वती उ.मा.वि. मड़रिया सीधी को दिया गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रथम पुरस्कार एकलव्य पब्लिक स्कूल सीधी को दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का द्वितीय पुरस्कार शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक-1 सीधी एवं तृतीय पुरस्कार गुरूकुल विद्यालय मड़रिया सीधी को दिया गया। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व वीरेन्द्र सिंह बघेल प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल अमेढिया तथा डॉ.संजीव कुमार त्रिपाठी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल करमाई द्वारा निभाया गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया पुरस्कृत



मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान उनके साथ विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ .रविन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

### समारोह में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधिगण, सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज, सहायक संचालक संजय टाईगर रिजर्व राजेश कन्ना, एएसपी अरविन्द श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी, जिले के समस्त वरिष्ठ पत्रकार, विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों और सामाजिक संगठनों के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों के साथ आमजन स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान उपस्थित थे।

## शहर में तीन स्थानों में लाइव प्रसारण की रही व्यवस्था

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 16 अगस्त। नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के उद्बोधन का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण शहर के तीन प्रमुख स्थानों गांधी चौराहा, शहीद श्यामलाल चौक एवं कलेक्ट्रेट चौक पर दिखाया गया।**

इसके साथ ही पुलिस परेड ग्राउंड सीधी पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह का लाइव



प्रसारण भी उक्त तीनों स्थानों पर दिखाया गया। शहर के तीन स्थानों पर लाइव प्रसारण से शहरवासियों में उत्साह देखा गया।

## स्वतंत्रता को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए हम एकजुट रहने के लिए हों संकल्पित : गौतम

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 16 अगस्त। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया के केशव सभागार में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इसमें ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम.पी.गौतम के द्वारा किया गया।**

कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य राजकुमार सिंह के द्वारा अतिथियों का स्वागत तिलक, माल्यार्पण एवं श्रीफल से किया गया। प्राचार्य ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि





आज का दिन बड़ा पावन है, हम सभी गुलामी की जंजीर को तोड़कर आज के ही दिन आजाद हुए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम.पी.गौतम उपसंचालक जिला सीधी एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला अध्यक्ष, अध्यक्ष रविशंकर शुक्ल नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के प्रांत प्रमुख, विशिष्ट अतिथि विजय सिंह परिहार अध्यक्ष एवं जिला सचिव सीधी, व्यवस्थापक द्वारिका प्रसाद गुप्त, आशीष केशरी पूर्व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भैया बहनों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एकल गीत का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रभक्ति छात्र शक्ति के हृदय में समाहित होना चाहिए।

इस देश को स्वतंत्र कराने के लिए अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है।

यह दिन हमें उन महान वीरों को नमन करने का अवसर है। मुख्य अतिथि ने कहा कि अपने विद्यालय के कार्यक्रम वैशिष्ट्य लिए हुए अपनी धरा से जुड़े होते हैं। हमारी गुलामी का कारण हमारी आपस में फूट थी।

अत: अपनी स्वतंत्रता को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए और अपने भारत को विश्व सिरमौर बनाने के लिए हमें एकजुट रहने के लिए संकल्पित होना पड़ेगा।

## शासकीय मॉडल स्कूल खजुरी में मध्याह्न भोजन में सम्मिलित हुए प्रभारी मंत्री

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 16 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर शासकीय माडल स्कूल खजुरी में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल सम्मिलित हुए।**

इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में 100 बिस्तरीय बालक छात्रावास भवन का शुभारंभ, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण तथा छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान



द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि हमें यह आजादी कई वर्षों के कठिन संघर्ष तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान से मिली है। इसकी सीमाओं की सुरक्षा के लिए हमारे देश के वीर सैनिकों ने अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। इस आजादी का सम्मान करें तथा देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश का यह विकास अकल्पनीय है। सरकार की नीति और नियत स्पष्ट है, वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित देश बनेगा। उन्होंने कहा कि सीधी जिले के विकास में भी कोई कमी नहीं रहेगी। जिले के सभी विकास कार्य समय-सीमा में तथा गुणवत्तापूर्ण हों। उन्होने स्पष्ट किया है कि सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेन्स की नीति है। प्रभारी मंत्री ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन हमारे अंदर एक अद्भुत ऊर्जा का संचार करता है। देश के बलिदानियों ने स्वतंत्र भारत की हमें जो सौगात दी है उसे संजोये रखने तथा संवारने की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होने उपस्थितजनों को संकल्प दिलाया कि अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहें, गरीब एवं वंचित लोगों को न्याय देने के संकल्प के साथ आगे बढ़े, अपने घर, परिवेश, कार्यस्थल, गांव और शहर को स्वच्छ रखें, भारत माता के प्रति पूर्ण निष्ठा हो तथा देश सेवा के ध्येय के साथ अनुशासित रहकर आगे बढ़े। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, एसपी डॉ.रविन्द्र वर्मा, सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज, जिपं सदस्य प्रीती सिंह, प्रदीप शुक्ला, सरपंच बेदुआ अर्चना सुशील तिवारी, इन्द्रशरण सिंह चौहान, लालचन्द्र गुप्ता, अमलेश्वर चतुर्वेदी, पंकज पाण्डेय, पुनीत नारायण शुक्ल, भानू पाण्डेय, पुष्पराज सिंह, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 24 घंटे में नाबालिग गुमशुदा किशोरी को किया बरामद

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 16 अगस्त। पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में, रामपुर नैकिन पुलिस ने महज 24 घंटे में नाबालिग गुमशुदा किशोरी को सकुशल ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया।**

मामले में 13.08.25 को फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए किसी के द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाई गई है। इस पर थाना रामपुर नैकिन में धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए 14.08.25 को नाबालिग को ग्राम कुंकराव जिला सिंगरौली से बरामद किया और आवश्यक अग्रिम कार्यवाही उपरांत उसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, उपनिरीक्षक देवराज सिंह, एएसआई अनंतलाल प्रजापति, प्रधान आरक्षक केशव सिंह, आरक्षक महेन्द्र तिवारी तथा साइबर सेल सीधी का विशेष योगदान रहा।

## एक बगिया मां के नाम अभियान का शुभारंभ

**सीधी।** एक बगिया मां के नाम परियोजना अंतर्गत पौधारोपण की शुरुआत जिले के सभी जनपदों में 15 अगस्त के अवसर पर की गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वसहायता समूह के सदस्यों की चिन्हित बगिया में पौधरोपण किया जाएगा जिसकी क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत होंगी। इस परियोजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में पौधारोपण 15 अगस्त से 15 सितंबर 2025 तक वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार किया जाएगा। जिले में प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, सीईओ अंशुमन राज सहित जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण में भाग लिया गया।

## कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में ध्वजारोहण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की दी शुभकामनाएं



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 16 अगस्त। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान उपस्थित शासकीय सेवकों ने राष्ट्रगान की सुमधुर ध्वनि में शहीदों के बलिदानों को याद कर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन के प्रण को सुदृढ़ किया।**

कलेक्टर श्री सोमवंशी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुभकामनायें दी तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को संकल्प दिलाया। कलेक्टर ने कहा कि हमें यह स्वतंत्रता कई वर्षों के अनवरत संघर्ष के बाद मिली है। 1857 की क्रांति से लेकर 1947 तक सतत संघर्षों का परिणाम है कि आज हम एक स्वतंत्र देश के नागरिक हैं। कलेक्टर ने कहा कि हमारे देश की न सिर्फभौतिक बल्कि एक दार्शनिक प्रासंगिकता भी है। हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम इसे एक सुव्यवस्थित रूप में विकसित करें। हमारे देश का इतिहास समृद्धशाली है, इसे और अधिक सुदृढ़ करना हम सबकी जिम्मेदारी है। सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज ने कहा कि राष्ट्रभक्ति की यह भावना हमारे प्रतीकों एवं भावनाओं के साथ-साथ हमारे कार्यों में भी परिलक्षित हो। हम अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा से निर्वहन करें तथा विकास के सभी पैरामीटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इस अवसर पर एसडीएम गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धौहनी विधानसभा क्षेत्र में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस

## विधायक ने पीएमश्री टमसार में, जनपद अध्यक्ष ने जनपद में किया ध्वजारोहण







**नवभारत न्यूज**

**कुसमी 16 अगस्त। जिले के साथ-साथ धौंहनी विधानसभा क्षेत्र के कुसमी ब्लॉक में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह के सांथ परम्परागत एवं गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।**

**पीएमश्री टमसार-** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टमसार में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान का गायन हुआ, विद्यालय द्वारा मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा एकल, सामूहिक गीत एवं राष्ट्रभक्ति नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य जमुनी देवी, सरपंच मकरन्द सिंह उइके की अध्यक्षता, डॉ.आर.डी.साहू, शेषमणि मिश्रा, राजकुमार तिवारी, ज्ञानचन्द्र गुप्ता, रामभरत मिश्रा, के.के.बघेल, ईश्वरदीन सिंह, संजीव गुप्ता, प्राचार्य रामपाल सिंह, बीएसी अंगिरा द्विवेदी, शिक्षक धीरेन्द्र सिंह ने संचालन किया। शिक्षक लखपति सिंह, सुदर्शन साकेत, सुप्रिया तिवारी, राजेन्द्र सिंह, प्रवीण शुक्ला, प्रेमलाल सिंह, राधेश्याम यादव, गीतांजलि लखेरा, राममणि गोस्वामी, धरमराज सिंह, रामकृपाल जायसवाल, शिक्षक आर.पी. चतुर्वेदी, सतरूपा सिंह, रमाकांत गोस्वामी कृष्णानंद मिश्रा, सहित अन्य लोग उपस्थित थे। विधायक के हांथो छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया।

**जनपद पंचायत-** जनपद पंचायत कुसमी के प्रांगण में जनपद अध्यक्ष श्यामवती सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, उपाध्यक्ष भूपाल सिंह, जनपद सदस्य वीणा सिंह, अतिबल सिंह, सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा, एसडीओ बृजेन्द्र प्रसाद कोरी, बीसी अर्जुन सिंह, पंचायत प्रकोष्ठ यशराज सिंह, जीतेन्द्र गुप्ता, उपयंत्री प्रदीप द्विवेदी, राकेश सिंह बघेल, आजीविका मिशन प्रबंधक सुरजीत सिंह, समाजसेवी प्राशू सिंह बघेल, लेखाधिकारी पंकज मिश्रा, जे.पी. झारिया, अखिलेश पाण्डेय, रामसुख यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**उत्कृष्ट कुसमी, भदौरा, दुआरी, भुइमाड़-** शासकीय उत्कृष्ट उमावि कुसमी में जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में प्राचार्य पी.के.पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, अधीक्षक त्रिभुवन सिंह, सुरेन्द्र टांडिया, शिक्षक कमलेश तिवारी, राहुल सिंह सहित छात्र-छात्राएं व स्टाफ मौजूद रहा। इसी तरह शाउमावि भदौरा में प्राचार्य बृजेश पनिका द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान शिक्षक श्रवण कुमार मिश्रा, कमलेश पाण्डेय सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। शासकीय हाईस्कूल दुआरी में प्राचार्य रामबाई टांडिया ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान शिक्षक ए.बी.सिंह, शिवबहादुर सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। शाउमावि भुइमाड में प्राचार्य सुजीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

**वन परिक्षेत्र कुसमी, टमसार एवं वस्तुआ-** वन परिक्षेत्र मोहन कुसमी में सहायक संचालक एवं उप वन मंडलाधिकारी श्री परासर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान परिक्षेत्र सहायक सेमरा गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा, साधुलाल सिंह भदौरा, संजीव कुमार सोनकर कुसमी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे। टमसार में रेंजर रामावतार सिंह ने ध्वजारोहण किया। केदारनाथ शर्मा, सोनी सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे। वस्तुआ में कैलाश बामनिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

**सेवा सहकारी समिति कुसमी, पोंड़ी-** सेवा सहकारी समिति कुसमी में बैंक प्रबंधक मोतीलाल रजक ने ध्वजारोहण किया। पोंड़ी में समिति प्रबंधक बिपेन्द्र सिंह सिंटू ने ध्वजारोहण किया।

**ग्राम पंचायतों में-** ग्राम पंचायत भगवार, जूरी, दुआरी टमसार, रामपुर, धुपखड़, गांजर, करैल, भुइमाड़, भदौरा, शंकरपुर, कतरवार, पोंड़ी, वस्तुआ, लुरुघुटी, ददरी, गुड्डआधार, ठाड़ीपाथर, टमसार, पिपराही, चिनगवाह, दुबरीकला सहित अन्य पंचायतों में सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ग्राम सभा का आयोजन किया। सचिव, सहायक सचिव सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।